935 **829(EK)**

2016

वाणिज्य

केवल प्रश्नपत्र

(Hindi & English Versions)

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

निर्देश : प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

Instruction : First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

नोट : i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

ii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं ।

Note : i) Answer *all* the questions compulsorily.

ii) Allotted marks of all the questions are indicated against them.

1. निम्नलिखित प्रश्नों में सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

i) रोकड़ है

अ) तरल सम्पत्ति

ब) अचल सम्पत्ति

स) स्थायी सम्पत्ति

द) इनमें से कोई नहीं ।

ii) निम्न में से कौन-सा 'व्यक्तिगत' खाता है ?

अ) मशीन

ब) वेतन

स) आहरण

द) इनमें से कोई नहीं ।

iii) विनिमय विपत्र का लेखक होता है

अ) आहर्ता

ब) लेनदार

स) स्वीकर्ता

iv) निम्न में से कौन-सा बैंक भारत में राष्ट्रीयकृत बैंक है ?

अ) एक्सिस बैंक

ब) बैंक ऑफ अमेरिका

स) पंजाब नेशनल बैंक

द) एच०डी०एफ०सी० बैंक ।

v) निम्न में से कौन-सी क्रिया अर्थशास्त्र की दष्टि से 'श्रम' है ?

अ) तस्करी

ब) भीख मांगना

स) अध्यापक द्वारा अपने पुत्र को पढ़ाना ।

द) इनमें से कोई नहीं ।

2. i) सकल लाभ ज्ञात करने हेतु कौन-सा खाता बनाया जाता है?

ii) समायोजना में दिये गये 'अदत्त व्यय' को कहाँ प्रदर्शित किया जाएगा ?

iii) टेलीफोन का आविष्कार किसने किया ?

iv) बिग बाजार' किस क्षेत्र से सम्बन्धित है ?

v) भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान गवर्नर का नाम लिखिये।

3. i). प्रतिज्ञा पत्र को परिभाषित कीजिए और इसके महत्व का वर्णन कीजिए ।

ii). चैक के अनादरण के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए ।

iii). कम्प्यूटर के चार प्रमुख उपयोग बताइए ।

iv) खड़ी नस्तीकरण प्रणाली को चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

v) एक व्यापारिक बैंक के दो प्रमुख कार्य लिखिये ।

vi) उत्पादन के साधन के रूप में 'पूँजी' की चार विशेषताओं का वर्णन कीजिए ।

4. निम्न विवरण से 31 मार्च, 2015 को बैंक समाधान विवरण-पत्र बनाइये :

i) रोकड़ बही के बैंक खाते का क्रेडिट शेष (अधिविकर्ष) 14,400 रु० है ।

ii) 6,160 रु० के चैक बैंक में जमा कराये गये परन्तु राशि जमा नहीं हुई।

iii) लेनदारों को 2,880 रु० के चैक जारी किये गये किन्तु भुगतान के लिए प्रस्तुत नहीं किए गये ।

iv) बैंक ने 200 रु० अपना बैंक व्यय लगाया।

v) 4,000 रु. एक ग्राहक ने व्यापारी के बैंक खाते में सीधे जमा करवाये।

5. फुटकर व्यापारी द्वारा प्रदान की जाने वाली चार सेवाओं का वर्णन कीजिए।

6. अ) i) देशी बैंकरों के चार कार्य बताइए।

ii) भारत के किन्हीं चार राष्ट्रीयकृत बैंकों के नाम लिखिये।

ब) i) सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम की व्याख्या कीजिए।

ii) व्यय और बचत में अन्तर बताइए।

7. समायोजन लेखों से क्या आशय है ? निम्न समायोजनाओं के जर्नल लेखे कल्पित धनराशि दिखाते हुए कीजिए :

i) अन्तिम रहतिया

ii) पूँजी पर ब्याज

iii) आहरण पर ब्याज

iv) देनदारों पर छूट के लिये प्रावधान

v) अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान

vi) फर्नीचर पर ह्रास।

अथवा

अदत्त वेतन, पूर्वदत्त किराये, पूँजी पर 5% ब्याज तथा फर्नीचर पर 10% ह्रास की समायोजनाएँ करते हुए काल्पनिक आँकड़ों से व्यापारिक एवं लाभ-हानि खाता तथा आर्थिक चिट्ठा बनाइये ।

8. बीजक क्यों, कब और किसके द्वारा बनाया जाता है ? काल्पनिक मदों के आधार पर एक बीजक तैयार कीजिए ।

अथवा

जमापत्र एवं नाम पत्र से आप क्या समझते हैं ? दोनों के नमूने दीजिए ।

9. भारतीय रिज़र्व बैंक के कार्यों का वर्णन कीजिए ।

अथवा

हमारे देश में सहकारी बैंकों की असफलता के क्या कारण हैं ? इन्हें उपयोगी बनाने के लिए क्या कदम उठाये जाने चाहिए?

10. उत्पादन क्या है ? उत्पादन के साधनों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

अथवा

श्रम की कार्य क्षमता से आप क्या समझते हैं ? यह किन घटकों पर निर्भर होती है ?